## एक नजर में



### घटि्टया विधायक मालवीय ने रक्षामंत्री से की भेंट

**घटि्टया।** विधानसभा क्षेत्र घटि्टया के विधायक सतीश मालवीय ने सोमवार को केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से भेंट की । विधायक ने रक्षा सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की ।

### सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकली




**बड़नगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा ग्राम अमला में भव्य तिरंगा यात्रा स्थानीय बालाजी मंदिर से शुरुआत कर गढ़ चौक पर समापन किया। यात्रा में भूतपूर्व सैनिक व स्थानीय स्कूल के छात्रों के साथ विधानसभा के विधायक जितेंद्र उदय सिंह पंड्या, मंडल अध्यक्ष महेश हारोड़, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उमराव सिंह, जनपद के उपाध्यक्ष अजब सिंह देवड़ा, जिला पंचायत सदस्य रामप्रसाद पंड्या, भाजपा जिला पदाधिकारी जेपी त्रिवेदी, रेखा राठौड़, दिलीप सिंह राणावत, गजेंद्र राजावत, शिवराम जाट, मंडल महामंत्री राहुल यादव, प्रेम गुर्जरवाडिया, मंडल पदाधिकारी मनोज नागर, अनिल प्रजापत, धर्मेंद्रसिंह राजावत, विक्रमसिंह, गजेन्द्र शर्मा, राजेंद्र नागर, सुभाष गिरी, गोलू शर्मा, शुभम नागर, चेतन यादव, धर्मपाल सिंह, अंकित यादव व ग्राम पंचायतों के सरपंच आदि उपस्थित थे।

### आहार पर नियंत्रण से परमात्मा की साधना संभव है-मुनिश्री

**बड़नगर।** तपस्या की अनुमोदना खान-पान पूर्वक नहीं अपितु त्याग करके करना है। धर्म के मर्म को समझना है। आत्मा का स्वभाव क्षमा का है, क्रोध का नहीं। गुस्से में दुख है, व क्षमा में सुख है जैसा आहार होंगा वैसे ही विचार होंगे। आहार पर नियंत्रण से परमात्मा की साधना संभव है।

आचार्य दिव्यानंदसूरिश्वर ने मोनिका अमित कुमठ के 33 उपवास पूर्ण होने पर ज्ञान मंदिर में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मरण सुधारना है तो जीवन सुधारो। आहार की गुलामी से मुक्त होकर खाने के लिए नही, जीने के लिए खाना है। उन्होने कहा कि आहार में क्यों, कब कैसे , क्या खाना का महत्व है। इस अवसर पर अक्षय विजय मुनि ने कहा कि तप की अनुमोदना जीवन में त्याग से है। शरीर तपेगा तो ही कर्म की निर्जरा होगी। तप की प्रथम सीढ़ी त्याग है। तप की महिमा से ज्ञान की महिमा जुड़ी है। तप आराधना में मन का महत्व है। तप अनुमोदना कार्यक्रम में सकल जैन समाज की ओर से शांतिलाल गोखरू ने कहा कि अखंड जिनवाणी के प्रवाह से विविध तप आराधना चल रही है। सतीष चौपड़ा शुजालपुर एंव निशि कुमठ ने भी तप धर्म पर विचार रखें। मोनिका अमित कुमठ के 33 उपवास के निमित्त विषालचल समारोह में आचार्य संघ, विधायक जितेन्द्रसिंह पण्ड्या, शांतिलाल धबाई, मुरली मोरवाल, सुकमाल जैन आदि उपस्थित रहे। प्रवक्ता विजय गोखरू ने बताया कि तप अनुमोदना कार्यक्रम में समाजजन ने विविध त्याग का संकल्प लिया। धर्म सभा का संचालन साकेत जैन ने किया। नगर के गौरव मुनि राजविजय एवं साध्वी बसन्तबाला की प्रेरणा से तप व त्याग का सिलसिला दिव्य आराधना चातुर्मास में चल रहा है। मासक्षमण आराधना के अवसर पर कांतिलाल कुमठ ने आभार व्यक्त किया।

### रामायण परायण का समापन

**घटि्टया।** अति प्राचीन लवखेड़ी हनुमान मंदिर पर लवखेड़ी मानस मण्डल के तत्वावधान में श्रावण माह में चल रही अखंड रामायण परायण का समापन सोमवार को हवन पूजन पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। महाप्रसादी का आयोजन हुआ।

### पेंशनर संगठन ने 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा



**महिदपुर।** 11 अगस्त को प्रांतीय व जिला कार्यकारिणी के आहवान पर महिदपुर विकासखण्ड के प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन महिदपुर द्वारा मुख्यमंत्री म.प्र. शासन भोपाल के नाम एक ज्ञापन महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस को डाक बंगला महिदपुर में उपस्थित होकर सौंपा। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष मदनदास बैरागी, सचिव जयराम गेहलोत, उपाध्यक्ष रामसिंह राठौर, जिला उपाध्यक्ष वासुदेव शर्मा व प्रो.पे.एसो. के सदस्य योगेन्द्र कुमार वर्मा, गिरधारीलाल मालवीय, दिलीप कुमार बोथरा, रामचन्द्र पारोलिया, अरुण कुमार चावड़ा, रमेशचन्द्र परिहार, मुन्नालाल दोहरे, युनूस नागोरी, हीरालाल शर्मा, अमृतलाल शर्मा सगवाली, कोषाध्यक्ष अमृतलाल शर्मा कासौन आदि उपस्थित थे।

### मिती शर्मा ने क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता में लहराया विक्रम विश्वविद्यालय का परचम

**एनआईसीई 2025 के जोनल राउंड के लिए किया क्वालिफाई**

**विक्रम विश्वविद्यालय के विद्यार्थी न केवल अकादमिक क्षेत्रों में बल्कि राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे**



**उज्जैन।** विक्रम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ स्टडीज़ इन इंग्लिश की शोधार्थी मिती शर्मा ने अपनी विद्वता, भाषा कौशल और तर्कशक्ति का परिचय देते हुए नेशनल इंटर-कॉलेज क्रॉसवर्ड एक्सपेडिशन (एनआईसीई) 2025 के जोनल राउंड में प्रवेश कर लिया है। यह भारत की सबसे प्रतिष्ठित इंटर-यूनिवर्सिटी क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता है, जिसे अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), आईआईएम मुंबई, आईआईटी मद्रास और एक्स्ट्रा सी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाता है। यह प्रतियोगिता न केवल भाषा ज्ञान को परखती है, बल्कि प्रतिभागियों की तार्किक सोच, विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण और तेज बुद्धि की भी परीक्षा लेती है। मिती शर्मा की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि विक्रम विश्वविद्यालय के विद्यार्थी न केवल अकादमिक क्षेत्रों में बल्कि राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। एनआईसीई 2025 प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्रों के बीच शब्दों के खेल, आलोचनात्मक चिंतन और रचनात्मक लेखन जैसी क्षमताओं को विकसित करना है। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर पर छात्रों को एक मंच देती है जहाँ वे भाषाई क्षमता और बुद्धिमत्ता के आधार पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। इस वर्ष, देशभर के हजारों कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण कराया।

## आदिवासी लोक कल्याण समिति ने आदिवासी दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया



**उज्जैन। महाकाल आदिवासी लोक कल्याण समिति, उज्जैन द्वारा विश्व आदिवासी दिवस पर रैली ना निकालते हुए, शुभम मांगलिक भवन में सभा के माध्यम से बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया।**

इस अवसर पर समस्त आदिवासी समाज ने अपने प्रकृति एवं पूर्वजों क्रांतिकारी टंट्या भील, बिरसा मुंडा, राणा पुंज्या भील, बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम डॉ. कनिया मेड़ा, अध्यक्ष एवं आयोजक, महाकाल आदिवासी लोक कल्याण समिति, उज्जैन के नेतृत्व में किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हरेसिंह मुवेल ने की और मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह डावर ने अपने उद्बोधन में कहा कि, आदिवासी समाज को स्वास्थ्य शिक्षा एवं संवैधानिक अधिकारों और आदिवासी एकता के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। विशेष अतिथि के रूप में अमरसिंह कटारा, श्रीमती ममता नरगावे, प्रकाश परमार थे।

कार्यक्रम के स्वागत भाषण में डॉ. कनिया मेड़ा ने कहा कि, 09 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा द्वारा घोषित किया गया है। इस दिवस को पूरे भारतवर्ष में आदिवासी भाई-बहन बड़े धूमधाम एवं उल्लास के साथ मनाते हैं। उन्होंने बताया कि आदिवासी दिवस के मुख्य उद्देश्यों में आदिवासी परंपरा, रीति रिवाज, रहन-सहन, खान पान, संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, वन संरक्षण, जल-जंगल-जमीन, संवैधानिक मूल अधिकार, स्वास्थ्य शिक्षा बंधुवा मजदूर आदि बिंदुओं पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। आदिवासी समाज को सदियों से सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक रूप से संवैधानिक अधिकारों के रूप में चुनौती का सामना करना पड़ा है।

वर्तमान में आदिवासी ज्ञान परंपराओं को प्रत्येक आदिवासी को संरक्षित एवं सुरक्षित रखनी होगी; साथ में आदिवासी समाज को इन बिंदुओं के प्रति और अधिक जागरूक रहने की आवश्यकता है ताकि आने वाली पीढ़ी ज्ञान परंपराओं को जाने एवं समझे। यही संस्कृति, ज्ञान-परम्परा हमारी आदिवासियों की पहचान हैं।कार्यक्रम में जयराम कन्नौजे, गंगाराम मुवेल, अंबाराम नरगावे, सुनील अवास्या, त्रिलोक बेनल, रूपसिंह मुवेल, सीताराम वास्कले, श्रीमती मंजुला तिग्गा, पूजा मुवेल, मरियानुस लकड़ा, तरसिसयुस खलखो, अंथ्रेस तिग्गा, गोविंद धुर्वे, मनोज टेकाम, दशरथ सिंह मुकाती, अमरसिंह सेनानी आदि समाजजन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजू नारंग ने किया एवं आभार शांतिलाल चौहान ने माना।



### भीमाखेड़ा में महात्मा फुले की प्रतिमा स्थान को लेकर सहमति

**महिदपुर।** बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति महिदपुर जिला उज्जैन का एक दल समिति संरक्षक जे के मालवीय, सचिव सुरेश धामेचा, एवं सदस्य डॉ जगदीश परमार व नरेंद्र परमार के साथ भीमाखेड़ा पहुंचा जहां महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा को विस्थापित किए जाने की सूचना मिली थी। भीमाखेड़ा जाकर दल समाजजनों से मिला जिनमें माली समाज के और स्थापना समिति के सदस्य सुरेश माली एवं अजय अजमेरा ने बताया कि प्रतिमा को पूरे सम्मान के साथ आगे बैठाया जा रहा है। पीछे समाज के उत्थान के लिए दुकाने निकाली जा रही हैं। भीमाखेड़ा समिति सदस्य एवं बिरसा अंबेडकर फूले समिति पदाधिकारी के बीच आपसी समन्वय के बाद प्रतिमा को कॉर्नर पर स्थापित किए जाने की आपसी सहमति बनी। इस अवसर पर पीराचंद खटिया, रवि मालवीय, आकाश परमार, बंटी पोरवाल, आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत से लक्ष्य हासिल करना : विधायक



**घट्टिया।** छात्र छात्राओं को बड़े बड़े सपने देखने चाहिए। उनके लिए कड़ी मेहनत कर अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्राणपण से जुट जाना चाहिए, संसार में कुछ भी असंभव नहीं है जरूरत निष्ठा व अपनी क्षमताओं से कार्य करने की है।उक्त उद्गार विधायक दिनेश जैन बोस ने सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगोटी में क्षेत्र के गांवों से आने वाले बीस से अधिक छात्र छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए कही। अध्यक्षता सरपंच राहुल मुकाती ने की। आरंभ में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर वंदना छात्राओं ने की। प्राचार्य गंगाराम बमनावत ने शैक्षणिक गतिविधियों के साथ विद्यालय की समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। आयोजन को जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डॉ. चैनसिंह चौधरी, शाला प्रबंधन समिति सदस्य अनंत शर्मा, रजनीश तिवारी, प्रकाश जैन, जनपद सदस्य प्रतिनिधि गिरधारी लाल चौहान , शैलेन्द्र सिंह डोडिया संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को जीवन में शिक्षा की महत्ता को लेकर मार्गदर्शन दिया। अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ शिक्षक मनोहर सिंह दांगी, देवेन्द्र चौहान, होकम सिंह बोड़ाना, हंसा यादव, आलोक ढुंडाले, गोविंद पारेगी, अभिभावक संदीप आंजना, सुनील पंवार मनोहर पांचाल, मोहित आंजना, महेश पांचाल, नारायण सिंह राजपूत, विनोद जाट ने पुष्पहारों से किया। विधायक बोस व अतिथियों ने शाला परिसर में पौधरोपण किया व छात्र छात्राओं से आधे घंटे तक संवाद किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक किरण धारू व आभार डा फरदीन सैयद ने माना ।

## मयंक जोशी का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान



**उज्जैन। 5 से 14 जुलाई तक हिमेजी (जापान) एशिया-अफ्रीका पेसिफिक अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप मे स्कॉट में 320 किलोग्राम, बेंच प्रेस में 157.5, डेडलिफ्ट में 300 किलोग्राम कुल 777.5 वजन लिफ्ट कर स्क्वाड में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमा कर जापान में तिरंगा लहराने वाले उज्जैन की खेल प्रतिभा मयंक जोशी का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्मान किया।**

उज्जैन जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जय सिंह यादव एवं सचिव कमल नंदवाना ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मयंक जोशी एवं टीम बॉडीबिल्डिंग पावरलिफ्टिंग को आमंत्रित कर मयंक जोशी का विशेष रूप से अभिनंदन कर हौसला अफजाई की।

डॉ. मोहन यादव से राष्ट्रीय निर्णायक बॉडीबिल्डिंग शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने अनुरोध किया कि यदि उज्जैन में समुचित खेल उपकरण की सुविधा उपलब्ध हो जाए तो 1 वर्ष के अंदर ही वर्ल्ड में उज्जैन तिरंगा लहराएगा। डॉ. मोहन यादव ने शीघ्र ही खिलाड़ियों के हितार्थ खेल सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर पूर्व मिस्टर इंडिया जितेन्द्रसिंह कुशवाह, इंजी. गजेंद्र मेहता, संस्था कोषाध्यक्ष नरेंद्र मालवीय, सहसचिव आनंद सोलंकी, अभिषेक राठौर, अजय जाधव, लखन पोरवाल, फईम उस्मानी द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ और आकर्षित दुपट्टा पहनकर अभिनंदन किया गया।

## उज्जैन के अरुण विदेशियों को सिखाएंगे तबला वादन

**उज्जैन। उज्जैन के युवा तबला वादक एवं आकाशवाणी के ग्रेडेड कलाकार अरुण कुशवाह का चयन भारत सरकार के विदेश मंत्रालय व भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद (आईसीसीआर) द्वारा पूरे मध्यप्रदेश से कई वर्षों बाद शिक्षक एवं कलाकार के रूप में हुआ है।**

अरुण कुशवाह को रशिया के मॉस्को शहर में स्थित जवाहरलाल नेहरू कल्चरल सेंटर (जेएनसीसी), भारतीय दूतावास, मॉस्को में तबला शिक्षक एवं कलाकार के रूप में नियुक्त किया है। अरुण 18 माह (डेढ़ वर्ष) तक भारतीय शास्त्रीय संगीत के अंतर्गत विदेशियों को तबला वादन का प्रशिक्षण देंगे एवं वहाँ एम्बेसी ऑफ़ इंडिया का प्रतिनिधित्व कर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देंगे। अरुण कुशवाह ने तबला की प्रारंभिक शिक्षा राकेश घुगरे से प्राप्त की एवं वर्तमान में तालऋषि बंगाविभूषण पंडित अनिन्दो चटर्जी के गंडाबंध शिष्य के रूप में तालीम ग्रहण कर रहे हैं। अभी तक आप भारत के विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर पद्मश्री एवं ग्रैमी अवार्डी कलाकारों के साथ मंच साझा कर चुके हैं। इस नियुक्ति के साथ अरुण कुशवाह भारत के सांस्कृतिक दूत (कल्चरल एम्बेसेडर) के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मॉस्को, रूस में भारतीय संगीत परंपरा को सहेजने, सिखाने और प्रचारित करने का दायित्व निभायेंगे। मध्यप्रदेश के लिए हर्ष एवं गौरव का विषय है कि पूरे प्रदेश से एकमात्र अरुण को असिस्टैंट सेक्शन ऑफिसर (एएसओ) के पद के लिए चयनित किया गया। इस उपलब्धि पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी अरुण को सम्मानित कर बधाई दी गई।



**रशिया के मॉस्को में तबला शिक्षक एवं कलाकार के रूप में अरूण कुशवाह भारत के सांस्कृतिक दूत के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे**

**अभियान** — **पहले दिन 50 शिक्षकों, 215 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया**

## माधव कालेज में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ



**उज्जैन। स्वतंत्रता उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के अन्तर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्याल में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ हुआ।**

प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉ अल्पना उपाध्याय ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान भारत सरकार द्वारा आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत शुरू किया गया एक राष्ट्रव्यापी अभियान है।

इसका उद्देश्य प्रत्येक भारतीय के हृदय में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को जागृत करना है। इस वर्ष इस अभियान में हर घर में स्वच्छता के संदेश को भी समाहित किया गया है।

पांच दिवसीय कार्यक्रम के संयोजक डॉ. जफर महमूद ने कहा कि विद्यार्थियों को तिरंगा अभियान से जुड़कर समाज को हर घर तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित करने के साथ हर परिवार में स्वच्छता का संदेश भी पहुंचाना है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मेजर डॉ. मोहन निमोले द्वारा महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों को पोर्टल पर पंजीयन करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान कर जनजागरूक करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। पांच दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन हर घर तिरंगा अभियान में 50 शिक्षकों और 215 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी नवीन कोरट, डॉ. सुनील सूर्यवंशी, प्रो. दीपक ठाकर, डॉ मोहित पांचाल सहित एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।